प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021

न्यायालय उपखण्ड़ अधिकारी, छोटीसादड़ी, जिला – प्रतापगढ़ (राज.)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण संख्या 05/2021 पटवारी पटवार हल्का गागरोल बनाम सरकार	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	3/12/21 यह सू मोटो अपील अपीलान्ट पटवारी, पटवार हल्का गागरोल ने स्वयं के संज्ञान से ग्राम पंचायत गागरोल मे स्वीकृत नामान्तरकरण संख्या 1246 दिनांक 12.08.2021 के विरूद्ध पेश की जिसके तथ्य संक्षेप मे इस प्रकार है कि ग्राम गागरोल में लक्ष्मीनारायण पिता उकारलाल गर्ग गुरु एवं लक्ष्मीनारायण पिता उकारलाल सुथार दो अलग–अलग व्यक्ति है। लक्ष्मीनारायण पिता उंकारलाल गर्ग गुरू की मृत्यु के बाद विरासत के नामान्तरकरण के दौरान सहवन से लक्ष्मीनारायण पिता उकारलाल गर्ग गुरू के वजाय लक्ष्मीनारायण पिता उकारलाल सुथार के खाते में नामान्तरकरण दर्ज हो गया जोकि मौजा गागरोल प.ह. गागरोल के खाता संख्या 53, 54, 55 है वर्तमान में लक्ष्मीनारायण पिता उंकारलाल सुथार जीवित है अतः श्रीमान से निवेदन है कि उक्त नामान्तरकरण निरस्त करने के आदेश प्रदान करावे। अपील बाद जॉच दर्ज रजिस्टर कर भू– अभिलेख निरिक्षक नाराणी से रिपोर्ट तलब की गई जिसमें दोनो व्यक्ति को अलग–अलग बताया गया तथा लक्ष्मीनारायण पिता उंकारलाल गर्ग गुरू की मृत्यु हो चूकी है एवं लक्ष्मीनारायण पिता उकारलाल सुथार के खाते मे दर्ज वारिसान लक्ष्मीनारायण गर्ग के है नामान्तरकरण संख्या 1246 दिनांक 12.08.2021 त्रुटि पूर्ण गलत दर्ज हुआ है तथा मौजा गागरोल प.ह. गागरोल के खाता संख्या 53, 54, 55 को पुनः लक्ष्मीनारायण पिता उंकारलाल सुथार के नाम दर्ज किया जाना उचित है। पत्रावली में नामान्तकरण संख्या 1246 दिनांक 12.08.2021 का अवलोकन किया गया जिसमे अकित वारिसान लक्ष्मीनारायण पिता उंकारलाल गर्ग गुरु के है। सलग्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र का अवलोकन किया गया जिससे स्पष्ट है कि लक्ष्मीनारायण गर्ग की मृत्यु हुई है एवं उनके वारिसानो के नाम भूमि का नामान्तरकरण किया जाना था परन्तु त्रुटि वश लक्ष्मीनारायण पिता उंकारलाल सुथार की भूमि का नामान्तरकरण लक्ष्मीनारायण पिता उंकारलाल गर्ग गुरू के वारिसान के नाम दर्ज कर दिया गया जोकि विधि विरूद्ध है जिसको खारिज किया जाना उचित है। अतः भू अभिलेख निरिक्षक कि अनुशंसा एवं संलग्न दस्तावेजो के आधार पर सू मोटो अपील स्वीकार कर ग्राम पंचायत गागरोल मे स्वीकृत नामान्तकरण संख्या 1246 दिनांक 12.08.2021 को अपास्त किया जाता है। यह निर्णय आज दिनांक 03.12.2021 को सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो (विनोद कुमार मल्होत्रा) शिविर प्रभारी एवं उपखण्ड अधिकारी प्रशासन गाँव के संग अभियान–2021 उपखण्ड छोटीसादड़ी	